# बी.पी.एस.सी. 65वीं मुख्य परीक्षा
# (सामान्य अध्ययन-II )
# B.P.S.C 65th Mains Exam
# (General Studies-II)

2019

(General Studies/सामान्य अध्ययन)

(Paper-I/पत्र-I)

( अधिकतम अंक-300 )

**Instructions :**

- *The Figures in the margin indicate full marks.*
- *Answer eight questions, selecting three each from Section-I and Section-II, and two from section-III.*
- *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
- *All questions have been printed both in Hindi and English. In case of any ambiguity in Hindi version, the English version shall be considered authentic.*
- *Parts of the same question must be answered together and must not be interposed between answers to other questions.*

**निर्देश :**

- *उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।*
- *खंड-I एवं खंड-II प्रत्येक में से तीन प्रश्न तथा खंड-III से दो प्रश्नों का चयन करते हुए कुल आठ प्रश्नों के उत्तर दें।*
- *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
- *सभी प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा में छपे हैं। यदि हिंदी भाषा में कोई संदेह है, तो अंग्रेजी भाषा को ही प्रामाणिक माना जाएगा।*
- *एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।*

## खंड-1/Section-I

1. Do you agree with the view that our Constitution has given Fundamental Rights by one hand and taken them back by another hand? 38

   क्या आप इस वक्तव्य से सहमत हैं कि हमारे संविधान ने एक हाथ से मौलिक अधिकार दिये हैं, किंतु दूसरे हाथ से उन्हें वापस ले लिया है?

2. "Indian Parliament is a non-sovereign law making institute." Evaluate this statement. 38

   "भारतीय संसद एक गैर-प्रभुता संपन्न विधि-निर्मात्री संस्था है।" इस कथन की समीक्षा कीजिये।

3. "The system of Indian Political Parties is not nationalistic but is individualistic." Explain this fact in the context of Bihar State. 38

   "भारतीय राजनीतिक दलीय व्यवस्था राष्ट्रोन्मुखी न होकर व्यक्ति-उन्मुखी है।" इस तथ्य को बिहार राज्य के परिप्रेक्ष्य में स्पष्ट कीजिये।

4. What do you understand by E-governance? Discuss the position of E-governance implementation in Bihar. 38

   ई-शासन से आप क्य समझते हैं? ई-शासन को लागू करने में बिहार की स्थिति का वर्णन कीजिये।

## खंड-II/Section-II

5. Evaluate the production and productivity trends in Indian agriculture since 1991. What practical measures should be adopted to enhance agricultural production and productivity in Bihar. 38

   भारतीय कृषि में 1991 से संवृद्धि एवं उत्पादकता की प्रवृत्तियों की व्याख्या कीजिये। बिहार में कृषि उत्पादन और उसकी उत्पादकता को बढ़ाने के लिये क्या व्यावहारिक उपाय किये जाने चाहिये।

6. Discuss the relevance of economic planning in India in the post-economic reform era. In this context, explain that how State and market can play a synergetic role in the economic development of the country. 38

   भारत में आर्थिक सुधारों के बाद के काल में आर्थिक नियोजन की प्रासंगिकता की विवेचना कीजिये। इस संदर्भ में समझाइए कि किस प्रकार राज्य और बाज़ार देश के आर्थिक विकास में एक सकारात्मक भूमिका निबाह सकते हैं।

7. What is the new definition of micro, small and medium enterprises? Critically evaluate the role of MSMEs in boosting industrial growth and ensuring the success of Aatmanirbhar Bharat Abhiyan in India. 38

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों की नई परिभाषा बताइये। भारत में औद्योगिक वृद्धि की गति को तीव्र करने व आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता को सुनिश्चित करने में इन उपक्रमों की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये।

8. What are the main constraints in the rapid economic development of Bihar? How can these constraints be removed? 38

बिहार के तीव्र आर्थिक विकास में मुख्य बाधाएँ क्या हैं? इन बाधाओं को किस प्रकार दूर किया जा सकता है?

## खंड-III/Section-III

9. In India, 'Make in India' is a type of Swadeshi Movement launched by Modi governement. To promote this movement, discuss the role of science and technology citing the examples in detail. 36

भारत में, 'मेक इन इंडिया' मोदी सरकार द्वारा शुरू किया गया एक प्रकार का स्वदेशी आंदोलन है। इस आंदोलन को गति देने के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका की सोदाहरण विस्तार से विवेचना कीजिये।

10. In the present scenario, the key issues of the counrty are: "Increasing population, higher health risks, degraded natural resources and dwindling farm lands". Discuss at least four scientific initiatives on each of the four areas that you would like to apply. 36

वर्तमान परिदृश्य में, देश के प्रमुख मुद्दे हैं: "बढ़ती हुई जनसंख्या, उच्च स्वास्थ्य जोखिम, घटते हुए प्राकृतिक संसाधन और घटती जा रही कृषि भूमि"। इन चारों क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिये कम-से-कम चार वैज्ञानिक प्रयासों की चर्चा कीजिये, जिन्हें आप लागू करना चाहेंगे।

11. Bihar continues to experience natural disasters like floods and drought on a regular basis. What role can science and technology play in disaster forecasting and management? Explain your answer with practical examples. 36

बिहार लगातार बाढ़ तथा सूखे की प्राकृतिक आपदाओं का सामना करता रहता है। इन आपदाओं के पूर्वानुमान तथा प्रबंधन में, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी की क्या भूमिका हो सकती है? अपने उत्तर को प्रायोगिक उदाहरणों द्वारा समझाइए।

12. Discuss, in detail, what role can science and technology play to control the job crisis situation and to sustain the development of the nation due to Covid-19 situation. 36

कोविड-19 की स्थितिक के कारण उत्पन्न हुई नौकरियों पर संकट की स्थिति को नियंत्रित करने तथा राष्ट्र के विकास की गति को बनाए रखने के लिये विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्या भूमिका निभा सकते हैं, इस पर विस्तार से चर्चा कीजिये।